**Code No. 7003**

***For Scheme-I & Scheme-II Candidates***

**Second Year – March 2015**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2 ½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool-off time'.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना** : यह कवितांश पढ़ें और **1** से **4** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

'हलो … हाँ मैं हूँ, बोलिए –'
'क्या ? मर गया ? ओह ! कब था ?'
'विश्वास नहीं होता
कल भी फोन किया था ।'
'क्या करें बस इतना ही है ज़िंदगी'
'हाँ ठीक हूँ । मैं अभी आता हूँ ।'
(स्वगत)
'चलो अच्छा हुआ,
एक नंबर तो निकाल सकता हूँ,
फोन की मेम्मरी भरी हुई है ।'

1. फोन पर मिली खबर क्या थी ? **(Scores : 2)**

2. आदमी स्वगत में क्या कहता है ? **(Scores : 2)**

3. कविता के लिए शीर्षक लिखें । **(Score : 1)**

4. 'चिट्ठियाँ' कविता में अभिव्यक्त मूलभाव से इस कविता की तुलना करके टिप्पणी लिखें । **(Scores : 7)**

**सूचना** : अंग्रेज़ी खंड पढ़ें तथा प्रश्न **5** और **6** के उत्तर लिखें ।

Sarojini Naidu was born at Hyderabad. Her father was a Professor of Science. Her mother was a good and educated woman. She was very much interested in poetry from her childhood. She composed poems in English in her school days. People called her Nightingale of India. [Nightingale of India – भारत कोकिल]

5. सरोजिनी नायडू का जन्म कहाँ हुआ ? **(Score : 1)**

6. खंड के आधार पर सरोजिनी नायडू का आत्मकथांश तैयार करें । **(Scores : 8)**

**अथवा**

खंड का अनुवाद हिन्दी में करें ।

7. अंग्रेजी शब्दों के स्थान पर हिन्दी शब्द चुनकर पुनर्लेखन करें । **(Scores : 8)**

राकेश और सुरेश मित्र हैं । वे Directorate of Education में काम करते हैं । राकेश Under Secretary का Stenographer है । उसकी नियुक्ति Public Service Commission द्वारा हुई । सुरेश Typist है । उसकी नियुक्ति Employment Exchange से हुई । वह Temporary रूप में काम कर रहा है । एक ही Department में काम करने से दोनों संतुष्ट हैं ।

[दिनांकित, शिक्षा निदेशालय, आशुलिपिक, प्राध्यापक, अवर सचिव, विभाग, टंकक, रोज़गार कार्यालय, लोक सेवा आयोग, अस्थाई]

**सूचना** : निम्नलिखित घटना पढ़ें और **8** से **12** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

एक दिन एक चींटी पानी में गिर गई । पानी से बचने का उसने खूब परिश्रम किया । सामनेवाले एक पेड़ से एक कबूतर यह दृश्य देख रहा था । उसने पानी में एक पत्ता गिरा दिया । चींटी उसमें चढ़कर बच गई । कुछ दिन बीते । एक दिन चींटी ने देखा कि एक शिकारी कबूतर पर तीर चलाने जा रहा है । सहसा चींटी शिकारी के पैर पर चढ़कर काटने लगी । शिकारी का निशाना चूक गया और कबूतर उड़ गया ।

8. कौन पानी में गिर गई ? **(Score : 1)**

9. कबूतर को किसने बचा लिया ? **(Score : 1)**

10. घटना के आधार पर चींटी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए । **(Scores : 3)**

11. अपनी जान बचानेवाली चींटी के साथ कबूतर का संभावित वार्तालाप तैयार करें । **(Scores : 8)**

12. घटना का संक्षेपण करें । **(Scores : 6)**

**सूचना** : **13** से **17** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखें । **(Scores : 4 × 8 = 32)**

13. मलाईवाली घटना के दिन की लेखक की डायरी कल्पना करके लिखें ।
    - मलाई के लिए बच्ची का हठ
    - बच्ची का रोना
    - प्रतिष्ठा का प्रश्न
    - मलाई के बदले मलाई का रस ।

14. मान लें, महाविद्यालय में छात्र की प्रवेश संबंधी घटना के बारे में प्रिंसिपल अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।
    - प्रवेश के लिए छात्र का पहुँचना
    - प्रवेश-तिथि बीत जाना
    - नारेबाजी शुरू होना
    - प्रवेश पाना
    - प्रवेश पाने पर विद्यालय नहीं आना ।

15. ‘समाज में फिल्मों का असर’ विषय पर संगोष्ठी पर प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार करें ।

- मनोरंजन का माध्यम
- ज्ञानवर्धन का माध्यम
- मानवीय मूल्यों का पोषक
- सामाजिक समस्याओं की प्रस्तुति
- समाज को सचेत करने की शक्ति ।

16. चातक पुत्र पानी की खोज में गंगा की ओर पिता की अनुमति के बिना उड़ गया । इस घटना का समाचार तैयार करें ।

- प्यास से तड़पना
- परंपरा की बात करना
- पिता से तर्क करना
- गंगा की ओर उड़ना

17. ‘ज़ीरो’ कंपनी की नई कार बाज़ार में आने वाली है । कार की बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- स्वयंचालित
- मोहक रूप
- आकर्षक रंगों में
- कम दाम, ज्यादा आराम ।

---